तापमान

अधिकतम 42 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 8 मई 2024



11 खो-खो में छठी ने आठवीं की टीम को हरा जीता खिताब



12 दूषित पेयजल सप्लाई कर रही बीमार, सड़क पर उतरे लोग




## खबर संक्षेप

### एजेंट को कमरे में बंद करके पीटने का आरोप

**गोहाना।** बीमा कंपनी के एजेंट ने एक व्यक्ति पर उसे कमरे में बंद करके पीटने का आरोप लगाया। उससे जबरन पैसे भी लिए गए। पानीपत के बुआना गांव का बिजेंद्र एक बीमा कंपनी में एजेंट है। उसके पास जींद के भंभेवा गांव के तरसेम उर्फ मोनू ने दो मई को फोन किया और बीमा पालिसी की 12 हजार रुपये किस्त देने के लिए बुलाया। वह अपने रिश्तेदार के साथ गोहाना में मोर चौक के पास पहुंचा तो एक व्यक्ति उसे लेने के लिए आया। वह उसको तरसेम के कार्यालय में ले गया। वहां पर तरसेम ने उससे ही 12 हजार रुपये मांगने शुरू कर दिए। उसने कहा कि वह पालिसी के पैसे भर चुका है। जब उसने पैसे देने से मना किया तो उसे कमरे में बंद करके पीटना शुरू कर दिया गया। उसने अपने रिश्तेदार से 12 हजार रुपये मंगवाए। आरोपित ने उससे जबरन पैसे लिए। इसके साथ उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद वह घर पर गया तो मोबाइल पर फोन करके धमकी दी।

### निजी बस चालक के साथ युवकों ने मारपीट की

**गोहाना।** शहर में बस स्टैंड पर कार में आए पांच-छह युवकों ने प्राइवेट बस के चालक के साथ साथ मारपीट की। चालक और एक युवक की पहले कहासुनी हो गई थी, जिसकी रंजिश में उससे मारपीट की गई। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव माहरा के नवीन ने पुलिस को बताया कि एक माह पहले वह अपने ताऊ के लड़के की बारात में सफीदों गया था। बारात में सफीदों के कालरखेड़ा गांव का अमन और उसके साथी शराब पी रहे थे। इस पर उसकी उनसे कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में सोमवार दोपहर को अमन अपने पांच-छह साथियों के साथ गोहाना बस स्टैंड पर आया और उसके साथ मारपीट की। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। नवीन के अनुसार मारपीट के दौरान उसकी सोने की चेन भी गुम हो गई है।

### नौकरी का झांसा देकर दस लाख रुपये ठगे

**गोहाना।** गांव गुढ़ा के निकट नान्हा नगर में रहने वाले एक व्यक्ति और उसके बेटे पर एक महिला ने उसके बेटे को नौकरी दिलाने का झांसा देकर दस लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। गांव भदाना की सुनीता ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा अमित दिल्ली के मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटर की तलाश कर रहा था। वहां पर उसके बेटे की पहचान सौरभ नामक लड़के से हुई, जो वहां पर कपूर वाटिका के पास पीजी हास्टल चला रहा है। वह गोहाना में गांव गुढ़ा के निकट नान्हा नगर का रहने वाला है। सौरभ व उसके पिता जयपाल ने उसके बेटे को झांसे में ले लिया और नौकरी लगवाने के नाम पर मार्च 2022 में छह लाख रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। अमित की नौकरी नहीं लगवाने पर रुपये वापस मांगे तो बहाना बनाते रहे। सुनीता के अनुसार जब वह अपने रिश्तेदारों के साथ उनके घर गई तो जान से मारने की धमकी दी गई।

जाहरी में शराब फैक्टरी में हादसे के बाद काबू नहीं आ रही आग

# भयानक हुआ विस्फोट, दो सौ मीटर दूर खेतों में गिरा ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ शाम को 2.5 लाख स्प्रिट से भरे दूसरे टैंक में भी लगी आग

गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में स्पिरिट टैंक में हुआ ब्लास्ट बहुत ही भयानक था। विस्फोट इतना बड़ा था कि टैंक में जांच कर रहे आपॅरेटर काफी दूर खेत में जाकर गिरा और मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद आग भड़क गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था कि करीब चार बजे दूसरे टैंक में भी ब्लास्ट हो गया। इस दौरान आग पर काबू पाने में लगे एक फायर कर्मी गिर गया और उनका पैर टूट गया। सोनीपत समेत सात जिलों से आई फायर ब्रिगेड की 30 गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। हालांकि अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। मंगलवार को गांव जाहरी स्थित शराब फैक्टरी में दोपहर करीब पौने 12 बजे अचानक स्पिरिट टैंक में ब्लास्ट हो गया। जिससे टैंक पर चढ़कर जांच कर रहा ऑपरेटर गांव सांदल निवासी संदीप (32) करीब 120 फीट उछलकर करीब 200 मीटर दूर खेत में जाकर गिरा। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसमें करीब 20 हजार लीटर स्पिरिट बताया जा रहा है। उसके बाद फैक्टरी में आग लग गई। आग लगी देख कर्मी बाहर भागे। जिसके बाद मामले की सूचना अग्निशमन विभाग की टीम को दी गई। आग की सूचना के बाद सोनीपत समेत सात जिलों से अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर बुलाई गई। टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही थी शाम करीब चार बजे दूसरे टैंक में ब्लास्ट हो गया। उसमें पहले की लीकेज हो गया था। इसी दौरान फायरकर्मी गांव गढ़ी ब्राह्मणान निवासी अमरजीत सिंह घायल हो गए। उनका पैर दो जगह से टूट गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है। रात नौ बजे तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। आग लगने का पता लगते ही उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार यादव, एसडीएम अमित कुमार, आबकारी अधिकारी नरेंद्र कौशिक मौके पर पहुंचे। उपायुक्त ने आग पर काबू पाने के प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अग्निशमन विभाग के सहायक मंडल अधिकारी राजेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। इसके लिए सोनीपत के साथ ही पानीपत, रोहतक, भिवानी, चरखीदादरी, करनाल, झज्जर से भी अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर बुलाई गई है। विभाग की 30 गाड़ी आग पर काबू पाने में लगी है। जिस टैंक में ब्लास्ट हुआ उसके साथ ही एक अन्य स्पिरिट टैंक था। टैंक में ढाई लाख लीटर स्पिरिट बताया जा रहा था। वह टैंक भी लीक हो गया। उसमें आग पहुंचने से रोकने के प्रयास किए गए, लेकिन शाम चार बजे उसमें आग लग गई। उसमें ब्लास्ट से फायरकर्मी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों टैंक में एक साथ ब्लास्ट होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।





**सोनीपत।** आग बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल कर्मी तथा सूचना के बाद मौके पर पहुंची जिला उपायुक्त, एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी।

**आज होगा शव का पोस्टमार्टम**

गांव जाहरी स्थित फैक्टरी में हुए हादसे की जांच की जा रही है। मामले में लापरवाही के आरोप लगे हैं। परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शव का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया जाएगा।

**इंस्पेक्टर सेठी मलिक**, थाना प्रभारी, सदर सोनीपत

**गर्मी अधिक होने के चलते ब्लास्ट की आशंका**

फैक्टरी में आग लगने के बाद मुख्यालय को सूचना दे दी गई है। शुरूआती जांच में लग रहा है गर्मी अधिक होने के चलते टैंक में ब्लास्ट हो गया। हालांकि पूरी स्थिति का आकलन आग पर काबू करने के बाद जांच कर किया जाएगा।

**नरेंद्र कौशिक**, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त

## कारिंदे को थ्री व्हीलर ने मारी टक्कर, मौत


■ पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

उदेशीपुर गांव में सोमवार को ईट भट्टे के निकट मोटरसाइकिल सवार को तेज रफ्तार थ्री विहलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी मोटरसाइकिल चालक का गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना घायल ने परिजनों को दी सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में पवन को उपचार के लिए खानपुर मेडिकल में दाखिल करवाया। जहा उपचार के दौरान घायल पवन को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। सूचना मिलने पर पहुंची गन्नौर थाना पुलिस ने 100 का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया । पुलिस को दी शिकायत में पांची जाटान निवासी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उसका बेटा पवन पुगथला सिथत कृष्णा भारत गैस एजेंसी पर काम करता है। पवन 6 मई की रात अपनी ड्यूटी खत्म कर मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह उदेशीपुर भट्टे के पास पहुँचा तो सामने से आ रहे थ्री विलहर ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया और थ्री विहलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## किशोर रमन का 36 घंटे बाद नहर में मिला शव

**गन्नौर।** बलीकुतुबपुर गांव के पास पैर फिसलने से पश्चिम यमुना लिंक दिल्ली ब्रांच नहर में डूबे 15 वर्षीय रमन का शव 36 घंटे बाद ककरोई नहर में मिला। सूचना पर खुबड़ू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी देते हुए खुबड़ू चौकी प्रभारी एसआई सुल्तान सिंह ने बताया कि गत रविवार को बलीकुतुबपुर गांव का रमन अपने दोस्तों के साथ घर से सुबह दौड़ लगाने के लिए गया था। रमन दौड़ लगाने के बाद सरढ़ाणा पुल के पास नहर में हाथ पाव धोने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया। जिसके बाद लगातार आईआईआरबी भौंडसी, एनडीआरएफ, गोताखोर व प्रशासन की टीम लगातार सर्च अभियान चला किशोर का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। रमन के स्वजन सोमवार की रात को ककरोई के पास नहर में जाल लगा कर बैठे थे। मंगलवार की सुबह रमन का शव ककरोई नहर में जाल में फस गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर स्वजन को सौंप दिया है।



मृतक रमन का फाइल फोटो।

## ठेका सफाई कर्मचारियों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी के तत्वावधान में नगर निगम के आयुक्त ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग उठाई गई कि 8 अप्रैल को हुए समझौते को लागू करवाया जाए। मांगपत्र में बताया गया कि पीसीसी कंपनी द्वारा ठेका सफाई कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है, जिसके कारण बार-बार सफाई कर्मचारी हड़ताल करने पर मजबूर हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जाता, सफाई के लिये औजार नहीं दिए जाते, कर्मचारियों की हाजिरी नहीं लगवाई जाती, कर्मचारियों के ईएसआई और पीएफ की जानकारी नहीं दी जाती, कर्मचारियों के वेलफेयर फंड का पैसा नहीं काटा जा रहा, हड़ताल के समय का वेतन दिलवाया जाए, जानबूझ कर हड़ताल करवाई जाती है और पैसा निगम के कर्मचारी व कंपनी के प्रबंधक मिल बांटकर हजम कर जाते हैं। इस मौके पर प्रधान अजय कुमार टाँक, सचिव मुकेश टाँक, कोषाध्यक्ष पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**सोनीपत।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर सभी राजकीय व अराजकीय विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उप-जिला संयोजक जूनियर रेडक्रॉस बिजेंद्र सिंह ने बताया कि 8 मई को सभी विद्यालयों में रेडक्रॉस दिवस मनाया जाएगा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया रेडक्रॉस का झंडा फहराएंगें। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## विद्यालय अध्यापक संघ का प्रदर्शन, सौंपा मांगपत्र

■ क्षिा के सार्वजनिक ढांचे को बचाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया) के बैनर तले मंगलवार को सोनीपत में शिक्षकों ने प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार सतपाल महाराज को मांग पत्र सौंपा। अध्यक्षता करते हुए जिला प्रधान जोगिंद्र सिंह ने बताया कि मौजूदा सरकार शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को बर्बाद करना चाहती है यदि आने वाले चुनाव में आपकी सरकार बनती है तो इस शिक्षा के सार्वजनिक ढांचे को बचाने के लिए आपका व आपकी पार्टी का क्या दृष्टिकोण रहेगा और अपना मांग पत्र भी जिला प्रधान ने कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल महाराज को सौंपा। उन्होंने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा अध्यापक संघ कभी राजनीतिक फैसला नहीं लेता परंतु पुरानी पेंशन नीति को बहाल करवाने के लिए हरियाणा ही नहीं पूरे देश के कर्मचारी लामबंद हैं और जैसा कि कांग्रेस ने सरकार बनने पर नई पेंशन नीति रद्द करने बारे वादा किया है। इसको लेकर कर्मचारी उत्साहित हैं प्रेस सचिव दिनेश छिकारा ने कहा कि अगर सरकार की नियत साफ हो तो सार्वजनिक शिक्षा के इस ढांचे को बचाया जा सकता है। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ सोनीपत के जिला प्रधान देशराज नैन, शिलकराम मलिक, राजा भैया, अमित , आंनद हुड्डा, सतबीर धड़कन ओम प्रकाश ऋषिकेश, अनिल कुमार, रमेश शास्त्री, जगमोहन, हंसराज, रोहतास चहल, रामप्रसाद, रामकुमार आदि मौजदू रहे।



**सोनीपत।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सतपाल महाराज को मांग पत्र सौंपते हुए विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

## व्हाट्सएप कॉल कर विदेशी नंबर से मांगी मंथली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

■ मंथली देने से मना करने पर फल व्यापारी को पीटा

जफरपुर गांव के फलों का व्यापार करने वाले व्यक्ति से बदमाशों ने लारेंस गैंग व दीपक बाक्सर का भाई बता हर महीने 1 लाख रुपये मंथली देने की मांग की गई। बदमाश उससे विदेशी नंबर से व्हाट्सएप काल कर मंथली देने का दबाव डाल रहे थे। व्यापारी द्वारा रुपये देने से मना करने पर बदमाशों ने गन्नौर में व्यापारी के साथ मारपीट की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में जफरपुर निवासी मनवर ने बताया कि वह गन्नौर मंडी में फ्रूट सप्लाई का काम करता है। उसके पास पिछले 20 दिनों आए विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप काल आ रही है। फोन करने वाले खुद को लारेंस गैंग व दीपक बाक्सर का भाई बता कर उससे हर महीने 1 लाख रुपये देने की मांग कर रहे थे, लेकिन उसने पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद बदमाशों को उसके पास किसी दूसरे नंबर से फोन आया और कहा कि भाई ने उसे पैसे लेने के लिए भेजा है। उसने फोन उठाने बंद कर दिए, लेकिन बदमाश गाड़ी लेकर उसके घर पहुंच गए। उनमें प्रवीण नाम के युवक ने अपने आप को बाक्सर दीपक का भाई बताया। उसके साथ रोहित व अन्य बदमाश भी थे। उसने पैसे देने से मना किया तो बदमाशों ने उसे जान से मारने व काम बंद करने की धमकी दी। मनवर ने बताया कि प्रवीण, रोहित व उसके साथियों पर पहले ही हत्या प्रयास के मामले दर्ज हैं और वह जमानत पर बाहर आए हैं। 4 मई की शाम को शिव पार्क के सामने जब वह फ्रूट सप्लाई कर रहा था तो इस दौरान एक स्कार्पियो व आई 20 गाड़ी उसके पास आकर रुकी। जिसमें से 8-10 लड़के लाठी डंडे के साथ उतरे और उस पर हमला कर दिया।

## अवैध पिस्तौल व गोलियों सहित युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने सांपला मार्ग से एक युवक को दो अवैध पिस्तौल व दो गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम शहर में गश्त पर थी। पुलिस जब मटिंडू चौक पर पहुंची तो सांपला मार्ग की तरफ से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर खेतों की तरफ तेज कदमों से जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक का पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। जब युवक की तलाशी ली, तो उसके पास दो अवैध पिस्तौल व दो लोडिड गोलियां बरामद हुई। युवक ने अपनी पहचान पेटवाड हांसी निवासी अंकित के रूप में दी है।

## छंटनी प्रक्रिया के बाद मैदान में 25 प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ लोकसभा चुनाव के लिए जमा हुए थे कुल 34 नामांकन

■ नौ मई तक नामांकन वापस ले सकेंगे प्रत्याशी

मंगलवार को सोनीपत लोकसभा के लिए उम्मीदवारों द्वारा किए गए नामांकनों की छटनी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान कुल 34 नामांकनों में से 09 नामांकनों को रद्द किया गया। अब सोनीपत लोकसभा के लिए 25 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे है। बचे हुए इन उम्मीदवारों में से अगर कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस लेना चाहता है तो वह 09 मई को अपना नामांकन वापिस ले सकता है। छटनी प्रक्रिया के दौरान रद्द हुए 09 नामांकनों में 05 नामांकन कवरिंग उम्मीदवारों के तौर पर शामिल थे। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मनोज कुमार ने लोकसभा चुनाव के लिए बचे 25 उम्मीदवारों की जानकारी देते हुए बताया कि इन उम्मीदवारों में इंडियन नेशनल लोकदल से अनूप सिंह, बहुजन समाज पार्टी से उमेश कुमार, जननायक जनता पार्टी से भूपेन्द्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी से मोहन लाल, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सतपाल ब्रह्मचारी, आम आदमी परिवर्तन पार्टी से नरेश कश्यप, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया(कॉम्युनिस्ट) से बलबीर सिंह, समता पार्टी से राकेश, राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी से राकेश धारीवाल, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी से राधे श्याम, फौजी जनता पार्टी से संतोष मलिक, राष्ट्रीय गरीब दल से सुनील कुमार शामिल है। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों में अश्वनी, कमलेश कुमार सैनी, जगबीर, दीक्षित, दीपक, निर्मल सिंह, रमेश कुमार खत्री, रोहतास, संजय दास, सतपाल, संत धर्मबीर चोटीवाला, सुमित तथा सुरेन्द्र सिंह शामिल है।

एफएलएन ट्रेनिंग के दूसरे चरण का प्रारंभ

# शिक्षकों को बताई हिंदी शिक्षण रणनीतियां

■ 120 प्राथमिक शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैयापुर लहराडा में एफएलएन ट्रेनिंग के दूसरे चरण का प्रारंभ हुआ। जिसमें 120 प्राथमिक शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में एबीआरसी मोनिका दहिया, मंजू, परमजीत, दिनेश मुकेश कुमार, बीआरपी मंजू और सुनीता भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दो दिन हिंदी विषय के कक्षा चौथी व पांचवी के शिक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की गई। मुख्य प्रशिक्षक एबीआरसी मोनिका दहिया ने बताया कि कक्षा चौथी और पांचवी में वर्ष भर की चलने वाली गतिविधि एवं शिक्षक रूपरेखा से सभी शिक्षकों को अवगत कराया गया है। कक्षा पहली से तीसरी की तरह ही कक्षा चौथी, पांचवी में वर्ष 2024-25 में को 24 सप्ताह में बाटा गया है। जिसमें 11वें सप्ताह में सावधिक आकलन प्रथम, 20वें सप्ताह में सावधिक आकलन द्वितीय एवं मार्च में वार्षिक आकलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों को साप्ताहिक गतिविधियां पठन, मौखिक एवं लेखन कौशल के विकास पर किस प्रकार कार्य करना हैं, इसके लिए सभी शिक्षकों को विस्तार से बताया गया। शिक्षकों ने प्रत्येक कालांश के बाद विभिन्न विषयों पर चार्ट तैयार किये और उनकी प्रस्तुति भी दी।



**सोनीपत।** ट्रेनिंग में शामिल प्रतिभागी शिक्षक साथ में प्रशिक्षक।

# कीटनाशक का छिड़काव छुट्टी के बाद ही कर सकेंगे

■ माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सभी डीईओ व डीईईओ को पत्र जारी कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के गन्नौर खंड स्थित स्कूल में कीटनाशक दवा के छिड़काव से बिगड़ी विद्यार्थियों की तबीयत के मामले में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने भी कड़ा संज्ञान लिया है। निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

पत्र में कहा है कि भविष्य में किसी भी कीटनाशक दवाई का छिडकाव स्कूल में छुटटी के दिन या छुट्टी होने के उपरांत ही करवाया जाए। गन्नौर के गांव घसौली स्थित लक्ष्य इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को बच्चों की छुट्टी उपरांत प्रबंधन ने कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया था।

छिड़काव के बाद कमरों को बंद कर दिया। मंगलवार सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचे, तभी कमरे खोले गए। जिससे कमरों में बनी गैस के संपर्क में आने से बच्चों की तबीयत बिगड़ी है। विशेषज्ञों का कहना है कि कीटनाशक का प्रभाव करीब चार घंटे तक रहता है। कमरे खुले रखने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिससे बच्चों की आंखों व त्वचा में जलन होने लगी। कुछ बच्चे बेसुध हो गए तो कुछ उल्टियां करने लगे। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया।



**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

घसौली स्थित लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को किसी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया था। मंगलवार को जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और कुछ को उल्टियां भी हुई है। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में पहुंचकर बच्चों का हालाचाल जाना है, सभी बच्चे ठीक हैं। मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। बच्चों के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- **नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### स्थिति सामान्य होने पर ही करवाएं प्रवेश

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने जारी निदेर्शों में कहा है कि कीटनाशक का छिड़काव करवाने के अगले दिन विद्यार्थियों को प्रवेश करवाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि कक्षा कक्ष किसी प्रकार की गैस संबंधी शिकायत तो नहीं है।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

लाइफ Style

# सुष्मिता दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।



# एडम ड्राइवर के किरदार से उठा पर्दा

**लॉस एंजिलिस।** महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है।



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। इतना ही नहीं, शादी होते ही डिंपल कपाड़िया ने फिल्मी दुनिया भी छोड़ दी।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। म

टीवी मसाला

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती

**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।




## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्होंने फरीदा जलाल से मुलाकात की और उनकी सेहत के बारे में पूछा। साथ ही शेखर ने कहा कि वो जब भी वह 'देख भाई देख' के किसी अभिनेता से मिलते हैं, तो वो पुरानी यादों में खो जाते हैं। उन्हें याद आता है कि वो कैसे वो एक परिवार बन गया था। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा जलाल से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। खास बात ये है कि शो में काम करने के लिए फरीदा जलाल ने हां भी कर दिया है। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो। उन्होंने कहा कि एक प्रोडक्शन हाउस से बातचीत चल रही है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो लोगों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा। 'देख भाई देख' का एक वक्त हर कोई फैन था।



# दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...

*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*



# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैंन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'



## आशुतोष राणा और विजय राज के साथ चलेगा पृथ्वीराज का जादू

# ओटीटी पर इस हफ्ते लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

***नई दिल्ली।** ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।






**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है। रत्नम कथित तौर पर इस सप्ताह अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार है।

**8 एएम मेट्रो :** '8 एएम मेट्रो' एक पुरुष और एक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे प्लेटफॉर्म पर मिलने के बाद दोस्त बन जाते हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 10 मई को जी5 पर रिलीज होगी।



**आडुजीविथम - द गोट लाइफ :** 'आडुजीविथम - द गोट लाइफ' 2024 का मलयालम सर्वाइवल ड्रामा है, जो ब्लेसी द्वारा निर्देशित और सह-निर्मित है। यह बेन्यामिन के 2008 के उपन्यास 'आडुजीविथम' पर आधारित है, जो सऊदी अरब में चरवाहे के रूप में गुलाम बनाए गए एक मलयाली श्रमिक नजीब की सच्ची कहानी से प्रेरित है। यह फिल्म भारत-अमेरिका सहयोग से बनाई गई है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन, जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल हैं, जबकि तालिब अल बलुशी, रिक एबी, अमला पॉल और शोभा मोहन की सहायक भूमिकाएं हैं। यह उपन्यास के प्रतिबंध के समान संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खलीजी देशों में प्रतिबंधित है। 10 मई से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 'आडुजीविथम' स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।



## खबर संक्षेप

### चौधरी छोटू राम धर्मशाला में रक्तदान शिविर आज

**झज्जर।** बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में शहर के रोहतक रोड स्थित दीनबंधु चौधरी छोटू राम धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रातः साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक चलने वाले शिविर में जिला रेडक्रॉस व नागरिक अस्पताल की चिकित्सकीय टीम द्वारा सेवाएं दी जाएंगी।

### तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सुंदरहेटी में तीन लोगों द्वारा घर में घुस कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में सुंदरहेटी निवासी कृष्ण पत्नी सूबे सिंह ने बताया कि बीती पांच मई की सुबह करीब पौने नौ बजे जब वह घर पर अकेली थी तो पड़ोसी उसके घर में घुस आए। उन्होंने उसके साथ मारपीट की तथा शोर मचाने पर अपशब्द बोलते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने कृष्णा की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दरअसल, दिल्ली के निवासी रवि दत्त की लाइनपार थाना क्षेत्र से बाइक चोरी हो गई थी। इस संबंध में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। चोरीशुदा बाइक सहित एक आरोपी को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्ण के रूप में हुई। उसने कबूल किया कि यह बाइक उसने शौक पूरा करने के लिए कुछ पैसों में खरीदी थी। मामले में जांच जारी है।

### गांव के व्यक्ति पर बाइक चोरी करने का आरोप

**झज्जर।** सिलाना गांव में एक व्यक्ति द्वारा गांव के अन्य व्यक्ति पर घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में अमरपाल पुत्र साधुराम ने बताया कि उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी जिसे गांव का रामबीर चोरी कर ले गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमले के नाबालिग सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा जानलेवा हमला करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी मातनहेल प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि खापडवास निवासी एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित आरोपी दीपक निवासी कासनी को पकड़ा गया है। पकड़े गए नाबालिगआरोपी को बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया गया। वहीं दूसरे आरोपी दीपक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## विश्व एथलेटिक्स दिवस उत्साह पूर्वक मनाया

# खो-खो में छठी कक्षा ने आठवीं की टीम को हराकर जीता खिताब

## विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में मंगलवार को विश्व एथलेटिक्स दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। स्कूल कैंपस में एथलेटिक्स व अन्य खेलों का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्या रिचा चावला ने खेल मुकाबले के विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। प्राचार्या रिचा चावला ने विद्यार्थियों को विश्व एथलेटिक्स दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अनिवार्य रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया। खो-खो के रोमांचक मुकाबले में छठी कक्षा की टीम ने आठवीं कक्षा की टीम को 8 अंकों से हराकर खिताब जीता। खो-खो खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अध्यापिका कोमिला, मंजू गांधी, भावना, कविता, मेघा, पूनम आदि मौजूद रहीं। **एथलेटिक्स प्रतियोगिता : छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा:** गोहाना। विश्व एथलेटिक्स दिवस पर बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के सहयोग से एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की। 100 मीटर रेस में तनु प्रथम, खुशी द्वितीय और पलक तृतीय, शॉटपुट निकिता प्रथम, अनु द्वितीय और कुसुम तृतीय रहीं। वी.सी. प्रो सुदेश ने हवा में गुब्बारे छोडकर एथलेटिक्स मीट के प्रारंभ की घोषणा की। 400 मीटर रेस (पुरुष गैर शिक्षक) में मंजीत प्रथम, राजबीर द्वितीय और कृष्ण तृतीय, डिस्कस थ्रो (पुरुष गैर शिक्षक) में राजबीर प्रथम, जितेंद्र द्वितीय और मनदीप तृतीय, 100 मीटर रेस (महिला शिक्षक) में पूनम प्रथम, सुनीता द्वितीय और डॉ. मुकेश तृतीय, वॉक रनिंग (महिला शिक्षक) में डॉ मुकेश प्रथम, प्रीति द्वितीय व सुनीता तृतीय रहीं। लम्बी कूद में तमन्ना प्रथम, रमनदीप द्वितीय और दीपिका तृतीय, डिस्कस थ्रो कुसुम प्रथम, सोनाली द्वितीय, तनु और अनु तृतीय, जैवलिन थ्रो में अदिति प्रथम, आंचल द्वितीय और हंसिका तृतीय, 50 मीटर फ्रॉग रेस अक्षा चौधरी प्रथम, हंसिका द्वितीय और अंजलि तृतीय रहीं। डॉ सुमन दलाल, डॉ मुकेश धनखड़, प्रो अशोक वर्मा व प्राचार्य सुमिता सिंह उपस्थित रहे।



सोनीपत। खो-खो मुकाबले की विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान करती प्राचार्या रिचा चावला। फोटो :हरिभूमि



गोहाना। प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# जीतू दहिया खांडा बने आईटीआई खरखौदा के अध्यक्षः कृष्ण सरोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जेजेपी की छात्र इकाई इनसो के जिला प्रधान कृष्ण सरोहा ने बताया कि इनसो के राष्ट्रीय व प्रदेश ने नेताओं से विचार करने के बाद आज आईटीआई खरखोदा कॉलेज की इनसो कार्यकारिणी बनाई गई। जिला प्रधान कृष्ण सरोहा ने बताया कि कार्यकारिणी में जीतू दहिया खांडा को कॉलेज अध्यक्ष नियुक्त किया है। जीतू खरखोदा हल्का के खांडा गांव से संबंध रखते हैं। कृष्ण सरोहा ने बताया कि इनसो का जल्दी ही जिले के सभी कॉलेजों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कॉलेज प्रधान जीतू खांडा ने बताया कि इनसो ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे ईमानदारी से निभाने का काम करेंगे और ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इनसो विचारधारा से जोड़ा जाएगा। एमडी सोनीपत, नितिन कालूपुर, योगी दहिया, हर्ष, साहिल, तुषार, सागर, मुकुल, वंश, अंकित, रवि, प्रिंस, चमन समेत अन्य मौजूद रहे।



सोनीपत। नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ इनसो जिला प्रधान एवं अन्य।



सोनीपत। यूरोप दौरे पर जाने वाली खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### यूरोप दौरे पर साक्षी संभालेगी उपकप्तान की जिम्मेदारी

**सोनीपत।** हॉलैंड यूरोप के दौरे पर जा रही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाऊंडेशन के तहत चल रही हॉकी अकादमी की तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। साक्षी राणा पहले ही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की सदस्य है। उसको उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसके अलावा कनिका सिवाच व निधि को गोलकीपर के रूप में भारतीय जूनियर महिला हॉकी में पहली बार स्थान दिया गया है। मैदान के खिलाड़ियों व सभी कोचिंग स्टाफ में खुशी का माहौल है। भारतीय महिला हॉकी की पूर्व कप्तान और द्रोणाचार्य अवॉर्डी प्रीतम सिवाच के अलावा फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हॉलैंड (यूरोप)के दौरे पर छह मैच खेलेगी।

### सट्टेबाजी करते हुए चार आरोपित गिरफ्तार, मौके से 14200 रुपये बरामद

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने सट्टेबाजी करते चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से 14200 रुपये की राशि बरामद की है। आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत राई थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित कबुरबाजी के जरिए गांव सेवली में सट्टा लगवा रहे थे। जिसको लेकर पहला इनाम एक लाख रुपये, दूसरा फ्रीज व 50 हजार रुपये कुलर का है। टीम ने मौके से पंकज उर्फ पिंचू, आकाश, विकास उर्फ विक्की व पंकज निवासी मलिकपुर बताया। उनके प ास से एक फ्रीज व कुलर, लोहे का पिंजरा बरामद कर लिया है। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जमानत मिल गई।

# विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया

- बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया। स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन कक्षा नवमी की छात्रा साँची और कक्षा ग्यारह्वी के छात्र यश ने किया। स्कूल में अनेक तरह की रेस कराई गई।

इस रेस में कक्षा बाल वाटिका से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। इस दिवस पर छात्रावास के छात्रों ने योगा ड्रिल प्रस्तुत की तथा हुप्स का प्रयोग करते हुए शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने कक्षा पाँचवी की छात्रा भाविका को इस दिवस पर भारतीय तायक्वोंडो टीम में चयनित होने की बधाई दी और अंत में भाषण में माध्यम से सभी बच्चों को बताया कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत जरुरी हैं। इससे हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।



स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं के साथ ।

### खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को अवैध कब्जे की शिकायत सौंपी

**खरखौदा।** गांव पहलादपुर किढ़ौली निवासी रामनिवास ने पंचायती जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों की शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को दी है। उनका कहना है कि गांव की पंचायती जमीन पर तारबंदी व गेट लगाकर अवैध कब्जा किया गया है। ग्राम सचिव व सरपंच ने खानापूर्ति करके एक दिन के लिए कब्जे को हटवा दिया था। लेकिन कब्जाधारी ने फिर से कब्जा कर लिया है। जिसकी सूचना ग्राम सचिव को दी गई। लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं गांव के तालाब किनारे भी लोगों ने अवैध कब्जा करके निर्माण किया है। इसलिए जमीन की भी पैमाइश कराकर अवैध कब्जों को हटाया जाना चाहिए। समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उन्हें आरटीआई से जवाब लेकर सीएम विंडो पर शिकायत की जाएगी।

# विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

- 5वीं इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

प्रयास इंटरनेशनल स्कूल गनौर में जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा पाँचवीं इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न 17 स्कूलों के 162 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रयास स्कूल रजिस्ट्रार डॉ मनोज कुमार, प्रिंसिपल सुरेंद्र छाबड़ा, वाईस प्रिंसिपल दीपमाला व विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रेस प्लेस चाईल्ड डेवलपमेंट सेंटर के संस्थापक कृष्ण कौशिक, चेयरपर्सन रेखा दाहिया, निदेशक कुलदीप कौर व समाज सेविका रितु ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता के संयोजक व रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी दीपक जयसवाल ने बताया कि स्केटिंग खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर बहुत उत्साह है। प्रतियोगिता में ऑल ऑवर ट्रॉफी प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, रनर अप ट्राफी नालंदा इंटरनेशनल स्कूल व तीसरा स्थान लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता टीमों को ट्राफी व खिलाड़ियों को मेडल वितरित किए गए।

प्रतियोगिता में मुख्य कोच की भूमिका रितु, मोनू व शिवा कौशिक ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रयास स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर राकेश प्रशिक्षक मोहित, कप्तान, कुलदीप , दीप्ति, निशु, जोगेंद्र, प्रदीप उपस्थित रहे।




चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथिगण ।

# हाई विंग में वंशीता प्रथम, याचना द्वितीय,शिया ने तीसरा स्थान पाया

## शिवालिक वमावि में अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**गन्नौर।** शिवालिक पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता हुई । जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए बच्चों के जोश को देखने से बनता था। प्रतियोगिता का आयोजन दो श्रेणियों में किया गया। प्राइमरी विंग में प्रथम स्थान अंशी खत्री, द्वितीय स्थान जानवी व तीर्थ तीसरा सस्थान बैंशी शमी को मिला और हाई विंग में प्रथम स्थान वंशीता, द्वितीय स्थान याचना व तीसरा स्थान शिया रोहिल्ला को मिला है। सभी स्टाफ सदस्य व प्रिसिपल उमेश पहल ने बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की। उमेश पहल ने कहा कि स्कूल में समय-समय पर छात्रों में छुपी प्रतिभा को निकालने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है ।



गन्नौर। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी छात्र।

# सफाई कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं

- वेतन व अन्य मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी पहुंचे खंड कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मियों ने खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में बैठक की और अपनी मांगो को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता यूनियन प्रधान रोहतास तथा मंच संचालन यूनियन सचिव चांद ने किया। बैठक का नेतृत्व जिला प्रधान राजेश रसोई, जिला सचिव राजेश टोकी तथा सीटू जिला उपप्रधान सुनीता की देखरेख में किया गया। यूनियन प्रधान रोहतास ने बताया कि ब्लॉक कार्यालय द्वारा सफाई कर्मियों को तीन महीने से वेतन नहीं दिया गया। जिससे सभी सफाई कर्मियों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। वे कई बार वेतन मांग की मांग कर चुके हैं। सफाई कर्मियों ने खंड एवं पंचायत अधिकारी से मुलाकात करके अपनी समस्याएं रखी है। उन्होंने आश्वासन दिया गया है कि एक सप्ताह के अंदर सभी कर्मियों का तीन माह का रुका वेतन,1000 रू एरियर, 2000 रुपए औजारों का भत्ता तथा जनवरी माह के वेतन को 12215 से 13087 रुपए के अंतर को ठीक करके दिया जायेगा। जिला सचिव राजेश टोकी ने बताया कि हर बार कई कई माह की देरी से भुगतान करके गरीब सफाई कर्मियों का शोषण होता है। जिला प्रधान राजेश रसोई ने बताया की 29 नवंबर 2023 को सरकार के साथ, नियमित रोजगार, 17000 रू वेतन,सालाना 3 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी, रिटायरमेंट पर 2 लाख रुपए की सहायता करने पर सहमति बनी थी। जिसे लागू करने के लिए एक माह का समय मांगा था। 6 माह बीत जाने के बाद भी उनकी एक भी मांग पूरी नहीं हुई है। इसलिए 21 अप्रैल राज्य कमेटी ने सर्व सहमति से फैसला लिया है कि 23 जून को पंचायत मंत्री के आवास पर पानीपत में राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। सीटू उपप्रधान सुनीता ने बताया कि सरकार ने सभी कानून, कारपोरेट घरानों के हित में बनाए और काम किया है।



खरखौदा। बैठक में मौजूद ग्रामीण सफाई कर्मचारी व पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**कार्यक्रम** प्रताप सिंह मेमोरियल वमावि में करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशन सेमिनार

# छात्रों की वास्तविक क्षमता का पता लगाने के लिए काउंसलिंग जरूरीः डॉ सुबोध दहिया

जीवन में सफल होने के लिए हमें इफैक्टिव लिसनर व कम्यूनिकेटर होना बहुत आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

प्रताप सिंह मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा में कैरियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य पवन ने अनेक उदारहण देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि जब हमारे विचार वर्तमान में होते हैं तो हम कोनसियस लिसनर माने जाते हैं। यदि हमारे विचार वर्तमान में नहीं होते तो हम पारसियल कोनिसय लिसनर में आते हैं। इसलिए हमें अपने विचारों को वर्तमान में रखना चाहिए। प्रोफेसर अशोक पांचाल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि अपने जीवन में सफल होने के लिए हमें इफैक्टिव लिसनर व कम्यूनिकेटर होना बहुत आवश्यक है। पोजेटिव एटीटयूड जीवन में आगे बढ़ने में सहायक होता है। विद्यार्थियों ने बताया कि इस सेमिनार से उन्हें काफी सीखने को मिला है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों की वास्तविक क्षमता का पता लगाने के लिए काउंसलिंग जरूरी है। कुछ छात्र तो अपने करियर का ऑप्शन सही चुन लेते हैं। लेकिन बहुत सारे ऐसे छात्र भी हैं, जो या तो कंफ्यूज्ड रहते हैं या फिर उनके पास कोई आइडिया ही नहीं होता है कि क्या करें। इन समस्यायों के समाधान के लिए बच्चों को काउंसलिंग की जरूरत पड़ती है। डॉ. सुबोध दहिया ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए आचार्य पवन व प्रोफेसर अशोक पांचाल का धन्यवाद किया।



खरखौदा। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते मोटिवेशनल स्पीकर। फोटो :हरिभूमि

### जहांगीरपुरी में करंट से एक की मौत के बाद फिर ट्रांसफार्मर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में 11 हजार वोल्टेज के तार और ट्रांसफॉर्मर लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन रहे हैं। मेरा अधिकार संस्था के पदाधिकारी एवं स्थानीय निवासी अश्विनी बागड़ी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यहां बी ब्लॉक में 29 अप्रैल को एक खंभे से चिपककर एक आदमी की मृत्यु हुई है, जिसका कारण जहांगीरपुरी में 11 हजार वोल्टेज की तार और ट्रांसफार्मर होना है। अगर यह तार 440 वोल्टेज की होती तो यह घटना नहीं होती। वहीं, दूसरी घटना का जिक्र करते हुए बताया कि ट्रांसफार्मर में आग भी लग जाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और क्षेत्रीय विधायक को इस पर ध्यान देना चाहिए। मृत्यु की घटना के बाद उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल को भी पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि यहां की गलियों में 11 हजार वोल्टेज की तार लगी हुई हैं जिससे आए दिन जान लेवा दुर्घटना का खतरा बना रहता है तथा हाल ही में 29 अप्रैल को गोलू सुपुत्र पप्पू कुशवाहा की करंट लगने की वजह से मृत्यु हो गई। इससे देखते हुए यहां 440 वोल्ट की तारें लगाई जाए। घर के साथ खम्बे पर ट्रांसफार्मर लगे होने के कारण जहांगीरपुरी में दूसरी मंजिल पर मीटर भी लगने में दिक्कत आती है। टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों का कहना है कि हमने कई बार दिल्ली सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक से इन तारों को बदलने का फंड मांगा है परन्तु दिल्ली सरकार व क्षेत्रीय विधायकों ने इन तारों को बदलने का फंड जारी नहीं किया है।

**ग्राम पंचायत सिरसाढ़**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिरसाढ़ में लोहे के जाल व लोहे के गेट की बोली दिनांक 16.05.2024 को प्रातः 11 बजे सिरसाढ़ के पंचायत भवन में की जानी है। जमानत राशि 10000/- होगी। बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए सरपंच ग्राम पंचायत सिरसाढ़ से सम्पर्क कर सकते हैं। मो. 7988232582

**हस्ता/- सरपंच**
**ग्राम पंचायत सिरसाढ़**
**तह. गोहाना (सोनीपत)**

## खबर संक्षेप

### कार से साढ़े बारह लाख से अधिक नकदी बरामद

**खरखौदा।** एसएसटी की टीम ने सिसाना-फरमाणा मार्ग पर एक कार से 12 लाख 51 हजार सात सौ रुपये बरामद किए गए हैं। कार से बरामद नकदी को इनकम टैक्स विभाग की टीम ने सील कर ट्रेजरी में जमा करवाया है। खरखौदा क्षेत्र में जगह- जगह नाके लगाकर जांच की जा रही है और चुनाव के दृष्टिगत वाहनों के अंदर शराब या सीमा से अधिक राशि पर नजर रखी जा सके। मंगलवार को खरखौदा के सिसाना से गोहाना जाने वाले मार्ग पर एक जगह लगाए गए नाके पर एक कार की जांच करन उसमें से नकदी बरामद की। जिसकी सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी गई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट सत्यवान की अगुवाई में यह जांच की जा रही थी।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा दस को

**खरखौदा।** शहर के वार्ड संख्या 2 स्थित सामुदायिक केंद्र में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सतीश पाराशर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सुबह हवन यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 36 बिरादरी के श्रद्धालु पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### शिविर में चावल और कढ़ी का चावल वितरित होगा

**गोहाना।** कलानौर स्थित टिकाना सति भाई सांई दास के ब्रह्मलीन महंत सतीश दास की पुण्यतिथि पर गुरुवार को शहर में मुगलपुरा स्थित पंजाबी रामलीला मैदान में सुबह 9:30 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। साथ में चावल और कढ़ी का लंगर वितरित किया जाएगा।

रक्तदान शिविर श्री सति भाई सांई दास सेवा दल की गोहाना इकाई द्वारा लगाया जाएगा। सानिध्य डेरे के गद्दीनशीं महंत रामसुखदास का रहेगा। अध्यक्षता सेवा दल के अध्यक्ष हरीश चुघ और संयोजन कंवल चुघ करेंगे। आयोजन समिति गगन चुघ, राजीव चुघ, रमेश परुथी और रवि सिंधवानी पर आधारित होगी। मुख्य अतिथि गोहाना नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी इंद्रजीत विरमानी और उनके पति इंद्रजीत विरमानी होंगे। रक्तदाताओं को हेलमेट दिए जाएंगे।

दो घंटे तक लगाया जाम, आश्वासन के बाद खोला

# दूषित पेयजल सप्लाई कर रही बीमार, सड़क पर उतरे लोग

वाहन चालकों को ही दिक्कत, लोगों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** जाम लगा रहे हनुमान नगर के लोगों को समझाते हुए भाजपा नेता राजीव जैन। *फोटो : हरिभूमि*

दूषित पेयजल आपूर्ति से परेशान हनुमान नगर के लोग मंगलवार को सड़क पर आ गए। कामी रोड पर डेरा डालते हुए हनुमान नगर के लोगों ने जाम लगा दिया। इस दौरान नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। लोगों ने आरोप लगाया कि सीवर ओवरफ्लो होने के चलते सीवर का पानी पेयजल की सप्लाई में मिलकर आता है। जिसकी वजह से लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। कई बार शिकायतें करने के बावजूद इसको लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन आश्वासन देकर दो घंटे बाद जाम खुलवाया।

हनुमान नगर में नगर निगम की ओर से ट्यूबवेल व जाजल रेनीवेल से पानी की आपूर्ति की जाती है। ट्यूबवेल से आपूर्ति होने वाले दूषित पानी से लोग परेशान है। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में काफी समय से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। जिससे गली में पानी भर रहा है। सफाई न होने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। सीवर ओवरफ्लो की वजह से अब पेयजल में भी दूषित पानी आ रहा है। दूषित पानी पीने की वजह से क्षेत्र के लोग बीमार हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को हो रही है। नगर निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। निगम प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिसकी चलते कॉलोनी के लोगों ने सड़क पर अवरोधक डालकर कामी रोड जाम करना पड़ा।

लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से पानी व सीवर के बिल भेज दिए जाते हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को अवगत कराने के बावजूद समस्या को लेकर अनदेखी की जा रही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भाजपा नेता राजीव जैन व निगम पार्षद हरिप्रकाश सैनी मौके पर पहुंचे। राजीव जैन ने लोगों को समझाकर शांत किया। साथ ही जल्द उनकी समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद क्षेत्र के लोग कामी रोड पर लगे जाम खोलने के लिए राजी हुए। जाम खुलने के बाद वाहन चालकों को राहत मिल सकी।

#### जल्द होगा समाधान

नगर निगम प्रशासन से बात करके सीवर लाइन की जांच कराई जा रही है। दो दिन से कर्मचारी सीवर लाइन की लीकेज ढूंढने में लगे है। उम्मीद है कि जल्द ही सीवर समस्या के साथ दूषित पानी आपूर्ति की समस्या का समाधान हो जाएगा।

**हरिप्रकाश सैनी,** निगम पार्षद, वार्ड नंबर-1

#### कर्मचारी कर रहे जांच

सीवर ओवरफ्लो व दूषित पानी आपूर्ति की शिकायत मिलने के बाद दो दिन से निगम के कर्मचारी हनुमान नगर में लाइनों की जांच कर रहे है। जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

**सूर्या धनखड़,** कनिष्ठ अभियंता, नगर निगम

## देशभर में नरेंद्र मोदी की लहर, घबराए हुए हैं विपक्षी : बड़ौली

- बरोदा विधानसभा में आयोजित की गई विजय संकल्प रैली, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किया संबोधित



**सोनीपत।** रैली के दौरान मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी, विधायक एवं अन्य।

**सोनीपत।** सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की बरोदा विधानसभा में मंगलवार को विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाते हुए कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की लहर है, इसी वजह से विपक्षी दल डरे हुए हैं। इसी डर की वजह से अनाप-शनाप ब्यानबाजी की जा रही है। रैली में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के कई सरपंचों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सैनी समाज ने सीएम को गदा तो व्यापार मंडल ने हल भेंट किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही घोटाले करने वालों का साथ दिया है, इसीलिये आज की तारीख में हर कांग्रेसी मोदी सरकार से घबरा रहा है। क्योंकि मोदी सरकार ने बिना भेदभाव के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाई हुई। इस मौके पर विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री कविता जैन, रामबिलास शर्मा, योगेश्वर दत्त, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, विजेंद्र भल्ला, विकास जैन, राजू विरमानी, अजीत जैन, विनोद जैन, सुरेंद्र, उमेश शर्मा, सरपंच सतबीर, संदीप, जसबीर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कन्या महाविद्यालय खरखौदा की प्रबंधन समिति का चुनाव अगस्त में

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा की प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान वेद प्रकाश दहिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समिति की कार्यकारिणी का चुनाव 11 अगस्त को करवाने का निर्णय लिया गया।

जिसके लिए एडवोकेट कमल शर्मा को रिटर्निग आफिसर नियुक्त किया गया ' महाविद्यालय के प्रबंधन समिति कक्ष में आयोजित बैठक में प्रधान वेद प्रकाश दहिया ने कहा कि कार्यकारिणी समिति के चुनाव का समय समीप आता जा रहा है। इसीलिए चुनाव से संबंधित सभी कार्य समय पर पूरे कर लिए जाएंगे।



**सोनीपत।** शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

### कैंप मे 175 मरीजों की हुई जांच

**सोनीपत।** अग्रवाल धर्मशाला गुड़मंडी में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से नेत्र चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिसमें दिल्ली के वेणु आई इंस्टिट्यूट व रिसर्च सेंटर से अनुभवी चिक्तिसकों की टीम ने 175 मरीजों की जांच की। इसमें से 33 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। इन 33 मरीजों में से 25 मरीजों को ऑपरेशन के लिये टीम के साथ भेजा गया है, जबकि 8 मरीजों को 9 मई को भेजा जाएगा। शिविर में जरूरतमंदों को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए, वहीं शुगर व ब्लड प्रेशर की भी जांच की गई। इस दौरान समिति के प्रधान टीकाराम मित्तल, संजय सिंगला, महासचिव ओडी गर्ग, कैम्प इंचार्ज प्रदीप गोयल, दयाराम जैन, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव गर्ग, अभिषेक गोयल, आशु मंगला, अनिल गुप्ता, साहिल मित्तल आदि मौजूद रहे।

## विजेता छात्रों को किया गया पुरस्कृत

- इंग्लिश जैम जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता में झलकी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए इंग्लिश जैम जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में कक्षा प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को अंग्रेजी में एक मिनट बोलने के लिए विभिन्न विषय दिए गए। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक कौशल तथा मानसिक जागरूकता का परिचय दिया। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की प्राचार्या डॉ. सरोज सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली में अनन्या, दूसरी मे मयंक, तीसरी में लक्ष्य, चौथी में खुशी, पांचवीं में नेहा, छठी में ओजस्वी, सातवीं में पारस, आठवीं में ध्रुव, नौवीं में चाहत, दसवीं में विशु, ग्यारहवीं में आंचल तथा बारहवीं कक्षा में महक ने विजय प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## जनता घमंडिया गठबंधन के बहकावे में नहीं आने वाली: नायब

- बरोदा के गांव बली ब्राह्मणान में आयोजित विजय संकल्प रैली में पहुंचें मुख्यमंत्री
- नरेंद्र मोदी ने 12 करोड़ किसानों को 6000 रुपए सालाना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/गोहाना



**सोनीपत।** जिय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस का विश्वास विकास में नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार में है। आज भी कांग्रेस घमंडिया गठबंधन के साथ मिलकर विकास के लिए लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि वह अपने परिवार और भ्रष्टाचारियों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को बरोदा विधानसभा के गांव बली ब्राह्मणाण में भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके कॉमेडियन गठबंधन के लोगों का गणित भी पूरी तरह से फेल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता गरीबों को एक-एक लाख रुपये उनके खाते में देने की बात करते हैं। देश में गरीबों की जनसंख्या 48 करोड़ है। देश का बजट 46 लाख करोड़ रुपए है तो 48 लाख करोड़ रुपए कहां से आएगा? मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस वोट पाने के लिए लोगों को बरगलाने की हर कोशिश कर रही है, लेकिन जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के झूठे वादों ने राजस्थान में 4000 किसानों की जान ले ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज ने राजस्थान में किसानों को कर्ज माफी का नारा देकर उनसे वोट लेने का काम तो किया, लेकिन उनका कर्ज माफ नहीं किया।

#### देश से गरीबी हटाने का काम कर रहे हैं मोदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी को हटाने की लड़ाई लड़ी है, जिसका परिणाम यह है कि 25 करोड लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकलने में कामयाब हुए हैं। भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े 9 साल में किसानों को 12,500 करोड़ मुआवजा दिया है। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने भी संबोधित किया। रैली में मंत्री जेपी दलाल, महिपाल ढांडा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री कविता जैन, देवेंद्र कौशिक, योगेश्वर दत्त, जसवीर दोदवा, जवाहर सैनी, नवीन मंगला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### श्रद्धांजलि समारोह : रविंद्रनाथ टैगोर को किया नमन



**गोहाना।** रविंद्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शिक्षकगण। **फोटो : हरिभूमि**

**गोहाना।** नोबल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर न केवल भारत अपितु बंगलादेश का भी राष्ट्रगान रचा। मंगलवार को यह खुलासा शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने किया। वह टैगोर की 163वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर रहे थे। प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविख्यात साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय सांस्कृतिक चेतना के युगदृष्टा थे। उनको गुरुदेव के उपनाम से ज्यादा जाना जाता है। उनका जन्म 7 मई 1861 को एक बंगाली परिवार में हुआ। वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

कार्यक्रम में हिंदी की शिक्षिका सीमा और कक्षा 8 के छात्र प्रशांत ने भी टैगोर के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## रजत विजेता खुशबू का प्रदर्शन के आधार पर नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** पदक विजेता खिलाड़ी के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

फरीदाबाद में संपन्न 23वीं ऑल हरियाणा स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्रा खुशबू ने दो रजत पदक जीते, जिसके आधार पर उन्हें नेशनल चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने खुशबू को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

जीवीएम की खेल प्रभारी अनु ने बताया कि फरीदाबाद में 3 से 5 मई तक ऑल हरियाणा स्टेट किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा खुशबू ने हिस्सा लेते हुए सफल प्रदर्शन किया। खुशबू ने प्रतियोगिता की दो स्पर्धाओं में पदक जीते। उन्होंने प्वाइंट फाइट में 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत तथा किक लाइट फाइट में भी 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। कालेज लौटने पर खुशबू का प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने स्वागत किया। इस अवसर पर खेल प्रभारी अनु ने भी खुशबू को बधाई के साथ शुभकामनाएं दी।

### घर के बाहर से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के बंदेपुर में घर के बाहर से कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

बंदेपुर निवासी विकाश शर्मा ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी को हर रोज की तरह घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो उसकी गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## तस्करी के आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राठधना रोड स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास से पुलिस ने तस्करी कर लाई गई शराब सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी खरखौदा निवासी आशीष व रोहणा निवासी आर्यन है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

सदर थाना में नियुक्त एएसआई संजीव अपनी टीम के साथ राठधाना रोड पर सिंचाई विभाग के पास गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि टाटा एस गाड़ी में आशीष व आर्यन शराब भरकर आईटीआई चौक की तरफ से आ रहे है। उन्होंने नाकाबंदी कर दी। तभी पुलिस को गाड़ी आती दिखाई दी। उसे रोककर जांच की तो उसमें 135 पेटी शराब बरामद की गई। आरोपित शराब को लेकर कोई कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान आर्यन व आशीष के रूप में हुई। पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित दो गिरफ्तार

- एक आरोपित को अदालत ने दो दिन के रिमांड पर भेजा जबकि दूसरे को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राइम यूनिट कुंडली व सेक्टर-27 शहर थाना ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन उर्फ शेरा निवासी पेपर मील कॉलोनी प्याऊ मनियारी कुंडली, अंकित निवासी हिसार हाल में बैंक कॉलोनी भिवानी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से अमन को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि दूसरे आरोपित को जमानत पर रिहा कर दिया।

कुंडली पुलिस में तैनात सिपाही नरेश की टीम ने गश्त के दौरान पेपर मील के पास से संदिग्ध हालत में युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास दो देशी पिस्तौल व 10 जिंदा रौंद मिले। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कुंडली में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं सेक्टर-27 थाने में तैनात अजय ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सांपला रोड से युवक को काबू किया था। तलाशी के दौरान उसके पास एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद किए। क्राइम यूनिट कुंडली व सेक्टर-27 शहर थाना ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित दो को गिरफ्तार किया है। जहां से अमन को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि दूसरे आरोपित को जमानत पर रिहा कर दिया।आरोपित के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया अदालत में पेश किया।

**कोरोनात** 48वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

## सहजता, सहनशीलता और संस्कार जीवन के मुख्य आधार : दहिया

टीकाराम शिक्षा महाविद्यालय में हुआ शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




**सोनीपत।** पुरस्कृत विद्यार्थियों के साथ प्रधान, प्राचार्य एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

टीकाराम शिक्षा महाविद्यालय में 48वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह कॉलेज हॉल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि टीकाराम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने दीया प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज द्वारा शैक्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज, इंटर कॉलेज, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न स्पधाअरं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में पिछले वर्ष विश्वविद्यालय की परीक्षा मैरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी मोनिका, काजल, मानसी, रिया दहिया, काजल कौशिक, प्रियंका, ज्योति और प्रीति को सम्मानित किया गया। हिमांशी को वर्षिक खेल कूद प्रतिस्पर्धा में बेस्ट एथलीट के तौर पर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सुरेंद्र सिंह दहिया ने अच्छी शिक्षा के साथ, सहजता और सहनशीलता के साथ अच्छे संस्कार लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा और खेलों में आगे बढ़ते हुए अपने परिवार को भी साथ लेकर चलना है। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह राणा ने अतिथियों का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर गवर्निंग बॉडी टीकाराम शिक्षा समिति सोनीपत के सदस्य अमित दहिया, सीआरए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह खत्री, कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. इंदु राठी आदि मौजूद रहे।